दिनांक 09.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशन में जोन 03 मदर टेरेसा नगर कार्यालय के स्वास्थ्य अमला के द्वारा वार्ड 22 में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों को दुकान के सामने कचरा न फैलाये जाने की अपील करते हुए फैले कचरे को उठाया गया लिंक रोड पर फैले कचरे को साफ करते हुए एवं जलेबी चौक में रात्रिकालीन सफाई की गई। उक्त जोन के अंतर्गत राजस्व एवं स्वास्थ्य अमले के द्वारा निरंतर गंदगी न फैलाये जाने के संबंध में आम नागरिकों से अपील भी की जा रही है ।

निगम के जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ–साथ रात्रिकालीन सफाई के कार्य किये जा रहें हैं स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित सार्वजनिक स्थल में सफाई की गई। जिसका निगम के नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 संदरानी के द्वारा निरंतर आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी